

नवभारत 02
इंदौर, शनिवार, 18 जुलाई 2026

# रिश्ते का कत्ल : नशे में भाई ही बन गया कातिल

- लक्ष्मणपुरा में शराब के नशे में हुआ विवाद बना जानलेवा
- बड़े भाई ने मोगरी से पीटकर छोटे भाई की हत्या, इलाज के दौरान मौत



नव भारत न्यूज

**रतलाम।** लक्ष्मणपुरा क्षेत्र में एक ऐसा हत्याकांड सामने आया जिसने रिश्तों को ही कटघरे में खड़ा कर दिया। शराब के नशे में हुए विवाद के बाद बड़े भाई ने अपने ही छोटे भाई की कपड़े धोने की मोगरी से बेरहमी से पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल युवक को पहले मेडिकल कॉलेज और फिर इंदौर रेफर किया गया, जहां शुक्रवार सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मकान सील कर हत्या में प्रयुक्त मोगरी जब्त कर ली है।

औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस के अनुसार गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात लक्ष्मणपुरा निवासी त्रिलोकचंद महावर और उसके छोटे भाई विमल महावर के बीच शराब पीने के बाद किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर त्रिलोकचंद ने कपड़े धोने की मोगरी से विमल पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। गंभीर हालत में रात करीब 3:30 बजे विमल को उसके जीजा पवन मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे इंदौर रेफर कर दिया। बड़े भाई त्रिलोकचंद और जीजा पवन भी उसके साथ इंदौर गए, लेकिन शुक्रवार सुबह उपचार के दौरान विमल ने दम तोड़ दिया।

इस घटना ने परिवार को पूरी तरह बिखेर दिया है। पड़ोसियों के अनुसार दोनों भाइयों की शादी नहीं हुई थी और दोनों मजदूरी कर परिवार चलाते थे। मां को कई बार लकवे का अटैक आ चुका है और उनकी देखभाल का अधिकांश जिम्मा विमल ही संभालता था। जिस बेटे के सहारे मां का जीवन चल रहा था, उसकी मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

विमल की मौत की सूचना मिलते ही औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी गायत्री सोनी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचीं। पुलिस ने मकान सील कर दिया और घटनास्थल से खून से सनी मोगरी जब्त कर ली। एफएसएल टीम मौके से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर हत्या के मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### घटनास्थल किया सील

घटनास्थल का मुआयना कर मकान सील कर दिया गया है। खून से सनी मोगरी जब्त की गई है। एफएसएल जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

-गायत्री सोनी, थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र, रतलाम

# सेजावता-बांगरोद सड़क धंसने से हादसे का खतरा

- युवा कांग्रेस ने पीडब्ल्यूडी को 7 दिन का अल्टीमेटम दिया

नव भारत न्यूज

**रतलाम।** ग्रामीण क्षेत्र के सेजावता-बांगरोद मार्ग पर तालाब की पाल निर्माण में कथित लापरवाही के चलते सड़क का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे इस व्यस्त मार्ग पर दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। मामले को लेकर युवा कांग्रेस ने पीडब्ल्यूडी विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सात दिन के भीतर मरम्मत कराने की मांग की है। चेतावनी दी गई है कि समय-सीमा में कार्रवाई नहीं होने पर चक्काजाम कर आंदोलन किया जाएगा।

युवा कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह सेजावता ने आरोप लगाया कि पीडब्ल्यूडी द्वारा तालाब की पाल का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया, जिसके कारण सड़क का हिस्सा कट गया है। उनका कहना है कि निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप नहीं किया गया और पाल भी कमजोर स्थिति में है, जिससे उसके कभी भी क्षतिग्रस्त होने की आशंका बनी हुई है।

उन्होंने बताया कि सेजावता-बांगरोद मार्ग क्षेत्र का प्रमुख संपर्क मार्ग है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में इंडियन ऑयल के टैंकरों का आवागमन होता है, वहीं खाटू श्याम मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहन भी इसी रास्ते से गुजरते हैं। कुछ दिन पहले इसी स्थान पर एक दुर्घटना भी हो चुकी है, जिससे लोगों में चिंता बढ़ गई है।

युवा कांग्रेस ने मांग की है कि सात दिन के भीतर क्षतिग्रस्त सड़क की तत्काल मरम्मत कर यातायात सुरक्षित बनाया जाए, तालाब की पाल का निर्माण तकनीकी मानकों के अनुरूप मजबूत किया जाए तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए चेतावनी बोर्ड और बैरिकेडिंग लगाई जाए।

### निर्धारित समय में समाधान नहीं तो चक्काजाम



युवा कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह सेजावता ने कहा कि यदि निर्धारित समय में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो युवा कांग्रेस सड़क पर उतरकर चक्काजाम करेगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में यदि कोई बड़ा हादसा होता है तो उसकी जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी विभाग और जिला प्रशासन की होगी।

## एक नजर में

### लैंड स्लाइड का असर : रतलाम मंडल की कई ट्रेनें निरस्त, कई बदले मार्ग से चलेंगी

**रतलाम।** महाराष्ट्र में लगातार हो रही भारी बारिश और पुणे रेलखंड में हुए लैंड स्लाइड का असर अब पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल पर भी दिखाई देने लगा है। रेल प्रशासन ने सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली कई ट्रेनों को निरस्त कर दिया है, जबकि कुछ ट्रेनों का मार्ग बदलकर संचालित किया जाएगा। इससे मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि 18 जुलाई से 24 जुलाई 2026 तक इंदौर से चलने वाली ट्रेन संख्या 22944 इंदौर-दौंड सुपरफास्ट एक्सप्रेस तथा दौंड से चलने वाली ट्रेन संख्या 22943 दौंड-इंदौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस पूरी तरह निरस्त रहेगी। इसके अलावा कुछ ट्रेनों का संचालन परिवर्तित मार्ग से किया जाएगा। 23 जुलाई को अजमेर से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 20991 अजमेर-दौंड एक्सप्रेस सूरत-पालधी-मनमाड मार्ग से चलेगी। वहीं 18 जुलाई को ग्वालियर से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 22194 ग्वालियर-दौंड एक्सप्रेस तथा 19 जुलाई को दौंड से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 22193 दौंड-ग्वालियर एक्सप्रेस भी सूरत-पालधी-मनमाड के वैकल्पिक मार्ग से संचालित की जाएगी।

### सामाजिक कल्याण प्रकोष्ठ की बैठक



**रतलाम।** महापौर प्रहलाद पटेल के निर्देशानुसार नगर निगम शहरी गरीबी उपषमन विभाग (सामाजिक कल्याण प्रकोष्ठ) की बैठक समिति प्रभारी रामूभाई डाबी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। आयोजित बैठक में अनुशंसा की गई कि वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग आदि पेंशन योजना के ऐसे हितग्राही जिन्हे कुछ माह से पेंशन नहीं मिल रही है उन्हे शीघ्र पेंशन दिलाये जाने हेतु संबंधित विभाग को पत्र प्रेषित कर कार्यवाही सुनिश्चित् करें ताकि पेंशन धारकों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। आयोजित बैठक में समिति प्रभारी रामूभाई डाबी के अलावा समिति सदस्य रणजीत टांक, धर्मेन्द्र रांका, करण कैथवास, श्रीमती देवश्री पुरोहित, श्रीमती संगीता सोनी, श्रीमती आशा रावत, श्रीमती मीनाक्षी सेन समिति सचिव जितेन्द्र राठौर आदि उपस्थित थे।

### 21 को आईटीआई रतलाम में आयोजित होगा युवा संगम रोजगार मेला

**रतलाम।** जिला रोजगार अधिकारी अभिषेक कटारा ने बताया कि तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्रालय भोपाल एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भोपाल द्वारा युवा संगम जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन 21 जुलाई 2026 को शासकीय आई.टी.आई रतलाम, सैलाना रोड रतलाम में किया गया है, जिसमे 08 से 10 निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा अप्रेंटिसशिप, मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना अंतर्गत एवं अन्य रिक्त पदों पर भर्ती की जावेगी। इस युवा संगम मेले में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के बारे में मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जायेगा। युवा संगम रोजगार मेले में कम्पनियों द्वारा मैनेजर, एच.आर, लेक्चरर, मशीन आपरेटर, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, सेल्स एग्जीक्यूटिव, बिजनेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव, ट्रेनी, आदि अनेक पदों पर सीधी भर्ती की जावेगी। आवेदक की शैक्षणिक योग्यता 8 वी, 10 वी उत्तीर्ण से स्नातक एवं आई.टी.आई. तथा आयु 18 से 35 वर्ष तक होना चाहिए।

### राष्ट्रीय अंताक्षरी प्रतियोगिता में जावरा का जलवा, जेएसजी टीम ने प्रदेश को दिलाया तीसरा स्थान

**जावरा।** जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय अंताक्षरी प्रतियोगिता में जावरा के प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मध्यप्रदेश रीजन का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश रीजन की टीम का नेतृत्व जावरा जोन द्वारा किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में महाराष्ट्र, गुजरात, मुंबई, मेवाड़, नॉर्दन रीजन सहित कुल छह टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन नॉर्दन रीजन (जयपुर) द्वारा भव्य स्तर पर किया गया। मध्यप्रदेश रीजन अध्यक्ष राहुल चपडोद के नेतृत्व में प्रदेश की टीम ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। टीम में जावरा जेएसजी के सदस्य तपन नाहटा, श्रुति दसेडा, प्राची मारवाड़ी एवं कल्प बोरदिया ने प्रतियोगी के रूप में भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान मध्यप्रदेश रीजन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल मुकाबला जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में भी टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विरेनभाई शाह (पुणे) एवं अन्य पदाधिकारियों ने चारों प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# लायंस के तीनों क्लबों की नई कार्यकारिणी आज लेगी पद एवं गोपनीयता की शपथ

नव भारत न्यूज

**रतलाम।** लायंस क्लब रतलाम, लायंस क्लब रतलाम गोल्ड एवं लायंस क्लब रतलाम अभिमा का संयुक्त पदग्रहण समारोह आज शाम 6 बजे सिंधी समाज सामुदायिक भवन पर आयोजित होगा। समारोह में तीनों क्लबों की नवगठित कार्यकारिणी सत्र 2026-27 के लिए पद एवं गोपनीयता की शपथ लेकर नए कार्यकाल की शुरुआत करेगी।

कार्यक्रम में जिला पंचायत रतलाम की मुख्य कार्यपालन अधिकारी आईएएस वैशाली जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी, जबकि पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन योगेंद्र रूनवाल विशिष्ट अतिथि होंगे। मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन एमजेएफ लायन प्रवीण वशिष्ठ शपथ अधिकारी के रूप में तीनों क्लबों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स को शपथ दिलाएंगे।

लायंस क्लब रतलाम से अध्यक्ष रामनारायण मौर्य, सचिव नीरज सुरोलिया एवं कोषाध्यक्ष अमन अग्रवाल, लायंस क्लब रतलाम गोल्ड से अध्यक्ष संतोष जोशी, सचिव आरती दीक्षित एवं कोषाध्यक्ष कोमल पोरवाल तथा लायंस क्लब रतलाम अभिमा से अध्यक्ष सुषमा दवे, सचिव भारती राहोरी एवं कोषाध्यक्ष ऊषा दुबे अपने-अपने बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के साथ पदभार ग्रहण करेंगे। निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश कुमार, पुष्पा वासन एवं सुनीता पाठक ने लायंस परिवार के सभी सदस्यों तथा शहर के गणमान्य नागरिकों से समारोह में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# भजनों की स्वर लहरियों में डूबा रतलाम, खेतलाजी के जयकारों से गूंजा पांडाल

- सुप्रसिद्ध भजन गायकों ने बांधा समां, झांकियों, भजनों और लक्की ड्रा ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर





नव भारत न्यूज

**रतलाम।** श्री सोनाणा खेतलाजी के उपासक व भक्त स्व. शांतिलाल लादाजी भंडारी की 14वीं पुण्यतिथि पर आयोजित 'एक शाम श्री सोनाणा खेतलाजी के नाम' भव्य भजन संध्या में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। देर रात तक चले आयोजन में खेतलाजी और सच्चियामाता के जयकारों से पूरा पांडाल भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। भजनों की मधुर प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु झूमते रहे और कई श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

अंकित भटेवरा ने बताया कि श्री सोनाणा खेतलाजी के भक्त वचन सिद्ध राज राजेंद्र भंडारी की पावन निश्रा में आयोजित इस भव्य भजन संध्या में राजस्थान के सुप्रसिद्ध भजन गायक रमेश माली (पाली), आकृति मिश्रा (भीलवाड़ा), महेश पंवार (घारेराव), सीता माली (जोधपुर) तथा तेजपालसिंह नरवर (अजमेर) ने खेतलाजी, भैरूजी एवं सच्चियामाता के एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में डॉली डांसर एवं नारायणसिंह (हल्दीघाटी) की टीम ने माँ भवानी, काला गौरा भेरू सहित विभिन्न धार्मिक झांकियां प्रस्तुत कीं, जिन्हें श्रद्धालुओं ने खूब सराहा। आयोजन में ओसियां धाम से पुजारी दीपक शर्मा माता सच्चियामाताजी की प्रतिमा लेकर पहुंचे, जिनका श्रद्धापूर्वक स्वागत किया गया।

आयोजन के दौरान जाजम बोली में 5 लाख 11 हजार 111 रुपये की बोली लगी, जिसके लाभार्थी चन्द्रकलाबेन-माणकलाल लुनिया परिवार का सम्मान किया गया। श्रद्धालुओं के लिए आयोजित लक्की ड्रा में वॉशिंग मशीन, फ्रिज, सोने-चांदी के सिक्के, साइकिल, ट्रॉली बैग सहित अनेक पुरस्कार वितरित किए गए। भजन संध्या में भाजपा प्रदेश महामंत्री विप्लव जैन, महापौर प्रहलाद पटेल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जुबीन जैन सहित विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों और गणमान्य नागरिकों का सम्मान किया गया। दो दिवसीय महोत्सव में विभिन्न लाभार्थी परिवारों का भी बहुमान किया गया।

# डायरिया रोकथाम अभियान के तहत ग्रामीणों को सिखाई जल गुणवत्ता जांच की तकनीक



- कार्यशाला में जल संरक्षण, क्लोनरीनेशन और स्वच्छ पेयजल के प्रति जागरूक किया

नव भारत न्यूज

**रतलाम।** डायरिया रोकथाम के लिये चल रहे देशव्यापी अभियान के तहत जिले के विभिन्न गांवों में जल गुणवत्ता और स्वच्छता को लेकर जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री एस आर जांगड़े मार्गदर्शन में जिले मे यह अभियान पीएचई विभाग के मैदानी अमले द्वारा चलाया जा रहा है! इसी क्रम में रतलाम विकासखंड के ग्राम रत्तागढ़ खेड़ा में जल एवं स्वच्छता संबंधी कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें ग्रामवासियों, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पेयजल स्त्रोतों से प्राप्त पानी की फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से जल गुणवत्ता परीक्षण करने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार आनंद व्यास एवं विकासखंड समन्वयक बबन बेनल ने ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों को नल-जल योजना के संचालन एवं संधारण, जलकर संग्रहण, प्रत्येक परिवार तक समान जलदाब से पेयजल उपलब्ध कराने तथा स्वच्छ जल एवं समग्र स्वच्छता सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। साथ ही गांव के पेयजल स्त्रोतों का क्लोरीनेशन एवं स्वच्छता सर्वेक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग की सीएचओ सुश्री नीलम तिवारी ने दूषित जल एवं गंदगी से होने वाली बीमारियों तथा उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी। ग्रामीणों को भूजल संवर्धन, जल संरक्षण, जल के दुरुपयोग को रोकने तथा सुरक्षित एवं समुचित जल उपयोग के लिए भी प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि भंवरलाल, भागीरथ राठौड़, श्रीमती शोभा पाटीदार, श्रीमती सुगन सेन, रामसिंह देवड़ा, श्रीमती दमयंती सिसोदिया, पंचगण, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, ग्रासरूट वर्कर्स एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।




# स्वच्छता मित्रों को पीपीई किट के उपयोग व स्वास्थ्य सुरक्षा के संबंध में किया जागरूक

**रतलाम।** सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के तहत महापौर प्रहलाद पटेल के निर्देशानुसार वार्ड क्रमांक 17 ईश्वर नगर में स्वच्छता मित्रों को पीपीई किट के सुरक्षित उपयोग एवं स्वास्थ्य सुरक्षा के संबंध में कार्यक्रम आयोजित कर जागरूक किया।

कार्यक्रम के दौरान नगर पालिक निगम की आईईसी टीम के सदस्य रामेश्वर परमार व रामप्रसाद गिरवाल द्वारा सफाई मित्रों को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई किट) के महत्व एवं उसके सही एवं सुरक्षित उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि सफाई कार्य के दौरान दस्ताने, मास्क, सुरक्षा जैकेट, गमबूट एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों का नियमित उपयोग करने से संक्रमण एवं दुर्घटनाओं के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इस अवसर पर सफाई मित्रों को स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी आवश्यक सावधानियों, व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने तथा कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

## अवैध शराब विक्रेताओं पर कार्रवाई

**रतलाम।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशन तथा प्रभारी सहायक आबकारी आयुक्त विकास मण्डलोई के मार्गदर्शन में जिले में अवैध मदिरा के विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में सहायक जिला आबकारी अधिकारी मनोहर खरे के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा 16 जुलाई को आबकारी उपनिरीक्षक सचिन भास्करे ने वृत सैलाना अंतर्गत शिवगढ़ एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में होटल, ढाबों तथा किराना दुकानों की सघन जांच की। कार्रवाई के दौरान मधुबन ढाबा, निकिता किराना, राजपूताना ढाबा, पारगी ढाबा, देवश्री ढाबा सहित अन्य दुकानों की विधिवत तलाशी लेकर 52 पाव देशी प्लेन मदिरा, 40 केन बीयर तथा 10 बोतल प्रेसिडेंट बीयर जप्त की गई। आबकारी विभाग ने आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क) के तहत 5 प्रकरण दर्ज किए हैं। जप्त मदिरा की कुल कीमत लगभग 11 हजार 152 रुपये है। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक पुष्पराज चौहान, प्रधान आरक्षक रामचरण पवार तथा नगर सैनिक नरेंद्र सिंह भाटी शामिल रहे।

# रोकस बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुविधाओं के उन्नयन पर लिए गए अहम फैसले

नव भारत न्यूज

**जावरा।** सिविल हॉस्पिटल जावरा में शुक्रवार को रोगी कल्याण समिति की बैठक विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक से पूर्व विधायक ने एसडीएम रचना शर्मा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण वाडिवा के साथ सिविल हॉस्पिटल तथा नई मैटरनिटी विंग का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान डायलिसिस यूनिट, ब्लड स्टोरेज सेंटर, फिजियोथैरेपी विभाग, जन्म-मृत्यु पंजीयन कार्यालय, ऑपरेशन थिएटर, एनआरसी, एनबीएसयू, ओपीडी एवं पोस्टमार्टम कक्ष सहित विभिन्न विभागों का अवलोकन किया गया। इस दौरान मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। बैठक में सिविल हॉस्पिटल प्रभारी डॉ. दीपक पालड़िया ने पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन एवं आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। नवीन पोस्टमार्टम भवन का प्रस्ताव तैयार कर भोपाल भेजने, जिला अस्पताल रतलाम से प्राप्त शव पेटियों की मरम्मत एवं शेड निर्माण का एस्टीमेट तैयार करने की स्वीकृति प्रदान की गई। अस्पताल परिसर में बिजली के पोल एवं एलईडी लाइट लगाने, सिविल हॉस्पिटल एवं नई मैटरनिटी विंग के नामकरण तथा प्रतिमा स्थापना के संबंध में वरिष्ठ कार्यालय से पुनः पत्राचार करने का निर्णय लिया गया। साथ ही आवश्यकता अनुसार परिधीय क्षेत्रों के चिकित्सकों की ड्यूटी सिविल हॉस्पिटल में लगाने, वाहन स्टैंड एवं कैंटीन के टेंडर स्थानीय स्तर से जारी करने की मंजूरी दी गई।

**एक नजर में** नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत जावरा शहर पुलिस की कार्रवाई

# 2 तस्कर गिरफ्तार, 29 .05 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद

भारत न्यूज

**जावरा।** जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2.0 के तहत जावरा शहर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 29.05 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स, जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख 90 हजार रुपये है, जब्त की है। पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) विवेक कुमार एवं नगर पुलिस अधीक्षक जावरा युवराजसिंह चौहान के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी जावरा शहर निरीक्षक दीपक कुमार मंडलोई के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार, उप निरीक्षक राकेश मेहरा अपनी टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर 17 जुलाई 2026 को अजमेरी गेट-भीमाखेड़ी चौराहा रोड स्थित सीताराम बाग के सामने पहुंचे। यहां से पुलिस ने हुसैन खान को गिरफ्तार किया। उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 29.05 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 8/22 एवं 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया।प्रारंभिक पूछताछ में हुसैन खान ने बताया कि वह यह एमडी ड्रग्स फारुख पिता ईशरार निवासी मोमिनपुरा, अबू सईद दरगाह के पास, जावरा से खरीदकर सप्लाई करता था। इसके बाद पुलिस ने फारुख को भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड (पीआर) प्राप्त किया गया है। पुलिस अब उनसे एमडी ड्रग्स के नेटवर्क, सप्लाई चेन और अन्य तस्करों के संबंध में विस्तृत पूछताछ कर रही है।



### गिरफ्तार आरोपी, 2.90 लाख का माल जप्त

मामले में पुलिस ने हुसैन खान पिता असलम खान (26), निवासी ग्राम राकोदा, थाना पिपलोदा, जिला रतलाम तथा फारुख पिता ईशरार (35), निवासी झालानगर, पिपलोदा, हाल निवासी मोमिनपुरा, अबू सईद दरगाह के पास, जावरा को गिरफ्तार कर आरोपियो के कब्जे से 29.05 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स अनुमानित कीमत 2 लाख 90 हजार रुपए जप्त की।